2524 New Posts in Uttarakhand Energy Corporation

राज्य ब्यूरो, देहरादून: फील्ड स्टॉफ की भारी कमी से जूझ रही प्रदेश की विद्युत वितरण कंपनी ऊर्जा निगम

राज्य ब्यूरो, देहरादून: फील्ड स्टॉफ की भारी कमी से जूझ रही प्रदेश की विद्युत वितरण कंपनी ऊर्जा निगम को सरकार ने बड़ी राहत दी है। शासन ने निगम के मौजूदा ढांचे में इजाफा करते हुए 2524 नए पदों का सृजन कर दिया। प्रमुख सचिव ऊर्जा डॉ. उमाकांत पंवार की ओर से इस संबंध में शासनादेश जारी किया गया है। नवसृजित पदों में टेक्निशियन, अवर अभियंता, कार्यालय सहायक व श्रमिक के सर्वाधिक पद हैं। शासन के इस फैसले से जहां ऊर्जा निगम में उक्त पदों पर नियुक्ति की राह खुलेगी, वहीं फील्ड स्टॉफ की कमी दूर होने से बिजली उपभोक्ताओं को बेहतर व निर्बाध विद्युत आपूर्ति मिलने की भी उम्मीद जगी है।

प्रदेश में विद्युत वितरण की जिम्मेदारी निभा रहे ऊर्जा निगम के मौजूदा ढांचे में कुल 6500 पद शामिल हैं। इसमें ज्यादातर द्वितीय व प्रथम श्रेणी के पद ही शामिल हैं, जबकि तृतीय व चतुर्थ श्रेणी के पदों की संख्या खासी कम है। चिंताजनक बात यह है कि निर्बाध विद्युत आपूर्ति के लिए बेहद जरुरी फील्ड स्टॉफ की भारी कमी निगम के लिए पिछले कई वर्षों से बड़ी समस्या बनी हुई थी। दरअसल, वर्ष 2001-02 की तुलना में ऊर्जा निगम का विद्युत वितरण नेटवर्क अब तक लगभग 15 गुना अधिक बढ़ गया है।

बिजली उपभोक्ताओं की संख्या भी छह लाख से बढ़कर 19 लाख से अधिक हो गई है। नतीजा यह कि फील्ड स्टाफ की कमी के कारण विद्युत लाइनों में आए दिन होने वाले फॉल्ट के सुधार में खास वक्त लग जाता है। ऊर्जा निगम प्रबंधन की ओर से गत फरवरी में शासन को निगम के ढाचे में पद बढ़ाने का प्रस्ताव भेजा था। शासन ने 2524 नए पद सृजित कर दिए हैं। इनमें टेक्निशियन के 1008 पद भी शामिल हैं, जिससे विद्युत आपूर्ति सुधारने की उम्मीद जगी है। कुशल व अर्द्धकुशल श्रमिकों के 50 फीसद पद सीधी भर्ती व 50 फीसद पद आउटसोर्सिंग से भरे जाएंगे। चालक, दफादार, चपरासी, चौकीदार व स्वच्छक के पदों पर आउटसोर्सिंग से भर्ती होगी।

इनसेट..

102 पदों की कटौती भी हुई..

शासन ने ऊर्जा निगम में पूर्व सृजित 102 पदों की कटौती भी की है। इनमें सहायक भंडारी के चार, भंडार अधीक्षक के दो, कार्यालय सहायक द्वितीय के 54, आशुलिपिक द्वितीय के 20 व आशुलिपिक तृतीय के 22 पद समाप्त किए गए हैं।

इनसेट..

ऊर्जा निगम के नवसृजित पदों का ब्योरा..

पद संख्या

मुख्य अभियंता 01

सहायक अभियंता (विद्युत/यांत्रिक) 50

अवर अभियंता (विद्युत/यांत्रिक) 200

टेक्निशियन-1 (लाइन/विद्युत) 08

टेक्निशियन-2 (लाइन) 500

टेक्निशियन-2 (विद्युत) 500

कुशल श्रमिक 580

अर्द्धकुशल श्रमिक 400

तकनीकी सहायक 04

ड्राफ्टमैन 02

लेखाधिकारी 06

सहायक लेखाधिकारी 04

लेखाकार 40

सहायक लेखाकार 60

कार्यालय अधीक्षक (विशेष श्रेणी) 02

कार्यालय अधीक्षक (प्रथम) 02

कार्यालय सहायक (प्रथम) 04

कार्यालय सहायक/डाटाएंट्री ऑपरेटर 150

आशुलिपिक (विशेष श्रेणी) 01

आशुलिपिक प्रथम 04

कुल 2524